# एक करोड़ कीमती मकान से प्रशासन ने हटवाया अवैध कब्जा

## रातोंरात मकान पर कर लिया था कब्जा, कलेक्टर-एसपी से शिकायत के बाद कार्यवाही, कब्जा हटवाकर पीड़ित को सौंपी चाबी

### पीड़ित ने मुख्यमंत्री, प्रशासन का जताया आभार,

**कटनी।** शासकीय भूमि और लोगों की निजी भूमि पर दबंगता दिखाते हुए कब्जा करने वाले भू माफिया के खिलाफ प्रदेश सरकार ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री समय-समय पर भू माफियाओं पर कार्रवाई के लिए कड़े निर्देश देते रहे हैं और उसको लेकर जिला व पुलिस प्रशासन भी सूचना मिलने के साथ ही जहां सरकारी जमीनों को माफिया के कब्जे से मुक्त कराने का कार्य कर रहा है तो वहीं लोगों की निजी भूमि हथियाने वालों पर भी जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसे ही शहर के मुख्य मार्ग बरगवां में एक परिवार के लगभग 1 करोड़ कीमत के मकान व जमीन पर कुछ दबंगों ने ताला तोड़कर कब्जा कर लिया था। जिसकी सूचना 5 दिन पूर्व पीड़ित ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को दी। कलेक्टर श्री मिश्रा व एसपी श्री जैन ने अमले को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे और उसके परिपालन में मंगलवार को एसडीएम बलवीर रमन के नेतृत्व में राजस्व, नगर निगम और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार की कीमती जमीन व मकान का कब्जा हटवाया और संबंधित को मकान की चाबी सौंपी। तत्काल मिले न्याय पर पीड़ित परिवार ने सीएम शिवराज सिंह चौहान और जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

### मकान का ताला तोड़कर तीनों लोगों ने कर लिया था कब्जा



मसुरहा वार्ड निवासी दीपक कुमार नगरिया ने 15 सितंबर को कलेक्टर व एसपी को आवेदन दिया था। जिसमें कहा था कि उन्होंने वर्ष 2015 में राजकुमार आलानी से बरगवां के पटवारी हल्का क्रमांक 45/7 नया 42, नजूल सीट नंबर 12 सी भू खंड का चलता नंबर 67, खसरा नंबर 136 पर निर्मित मकान नंबर 532 खरीदा था। 330 वर्ग फीट पर भूतल व प्रथम तल पर निर्मित मकान में उन्होंने 2 साल पूर्व काम कराया। जमीन व मकान का नामांतरण सहित अन्य दस्तावेज उसके पास हैं। जिसकी प्रतियां भी पीड़ित ने कलेक्टर व एसपी को उपलब्ध कराई। नगरिया ने बताया कि 6 सितंबर को उनको पता चला कि रवि शर्मा, सचिन यादव, एडवोकेट संतू उर्फ संतोष परौहा और उनके कुछ लड़कों ने साथ मिलकर उनके मकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है। नगरिया जब मौके पर पहुंचे तो उन्हें धमकी दी गई। जिसके बाद डरकर परिवार भाग आया और कलेक्टरए एसपी को शिकायत सौंपी।

### कलेक्टर, एसपी के निर्देश पर छावनी बनाकर अमले ने की कार्रवाई

दीपक नगरिया की शिकायत पर कलेक्टर ने एसडीएम बलवीर रमन को दस्तावेजों की जांच करते हुए तत्काल कब्जा पीड़ित को दिलाए जाने के निर्देश दिए। वही एसपी ने सीएसपी एस के शुक्ला को मौके पर बल भेजने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश पर मंगलवार को एसडीएम राजस्व अमला व नगर निगम की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सुरक्षा को लेकर सीएसपी शशिकांत शुक्ला, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, कोतवाली टीआई अजय सिंह के बल के साथ मौजूद थे। अधिकारियों ने कब्जाधारियों का ताला तोड़कर बोर्ड आदि हटाए और दीपक नगरिया को कब्जा दिलाया गया। जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद दीपक नगरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री, जिला व पुलिस प्रशासन ने जिस तरह से उनकी लाखों की जमीन कब्जा मुक्त कराते हुए उन्हें दिलाईए उसके लिए आभार व्यक्त करने उनके पास शब्द नहीं हैं।

# प्रधानाध्यापक के स्थानांतरण के खिलाफ अभिभावक आए सामने

### मारपीट की शिकायतों की जांच के बाद डीईओ ने की स्थानांतरण की कार्यवाही

**कटनी।** शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे में पदस्थ प्रधान अध्यापक श्रीमती ज्योति बर्मन के खिलाफ बच्चों और उनके अभिभावकों द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से की गई मारपीट की शिकायतों की जांच के बाद जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह ने उन्हें वहां से हटाने का आदेश जारी किया है। डीईओ द्वारा जारी किए गए आदेश में प्रधान अध्यापक श्रीमती ज्योति बर्मन को शासकीय माध्यमिक शाला घंघलीकला में पदस्थ किया गया है। जांच दल में तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक डी के डेहरिया एवं जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह शामिल थे। दल द्वारा शिकायतों की जांच के बाद अपर कलेक्टर को जांच प्रतिवेदन दिया गया था। प्रतिवेदन में जांच दल द्वारा प्रधान अध्यापक श्रीमती ज्योति बर्मन को भविष्य में विवाद की स्थिति निर्मित न हो, इस कारण अन्यत्र पदस्थ किए जाने का अभिमत दिया गया था। अब इस पूरे मामले में नया मोड़ सामने आया है। डीईओ द्वारा प्रधानध्यापक श्रीमती ज्योति बर्मन के स्थानांतरण के बाद उनके पक्ष में स्कूल के बच्चे और अभिभावक सामने आए हैं। स्कूल के बच्चों और अभिभावकों ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के नाम लिखे गए पत्र में कहा है कि प्रधानाध्यपक श्रीमती ज्योति बर्मन द्वारा स्कूल का संचालन कुशलतापूर्वक किया जा रहा था। स्कूल में अध्यापन के साथ ही अन्य गतिविधियों और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता था। अभिभावक अनिल बंसल ने कहा कि विद्यालय को ईमानदारीपूर्वक संचालित करने की सजा उन्हें कुछ लोग दे रहे हैं। स्कूल में ऐसे ईमानदार शिक्षकों की आवश्यकता है। अभिभावक राजेन्द्र कुमार दुबे ने आरोप लगाते हुए कहा कि स्कूल में पदस्थ कुछ लोग उनका स्थानांतरण करवाने का षड़यंत्र रच रहे थे। स्कूल में अनुशासन और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा था। बताया जाता है कि प्रधान अध्यापक के खिलाफ की गई इकतरफा कार्यवाही के बाद स्कूल के बच्चे और अभिभावक आज कलेक्टर प्रियंक मिश्रा से मिलकर उनके स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग करेंगे।

**कलेक्टर से मिलेंगे अभिभावक, स्थानांतरण पर रोक लगाने की करेंगे मांग**

### राजनीति का अड्डा बना स्कूल

उधर दूसरी तरफ सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया है कि शासकीय माध्यमिक शाला एनकेजे में पदस्थ अधिकांश शिक्षक राजनीति में व्यस्त रहते हैं, जो कि अलग-अलग शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी भी हैं। शिक्षक राजनीति में व्यस्त होने के कारण न तो वे स्कूल समय से पहुंचते हैं और न ही बच्चों के अध्यापन की तरफ उनका ध्यान रहता है। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। अभिभावकों ने बताया कि इसी के चलते कुछ लोग प्रधान अध्यापक को यहां से स्थानांतरित करवाने का प्रयास कर रहे थे। यह भी बताया जाता है कि प्रधान अध्यापक ज्योति बर्मन की एनकेजे स्कूल में पदस्थापना के बाद से ही उन्हें प्रधान अध्यापक का प्रभार नहीं दिया जा रहा था। स्कूल का प्रभार नहीं देने का मुख्य कारण तिलक कॉलेज के पास स्थित छात्रावास है। जहां हर महीने भारी भरकम बजट आता है।

**28 सितंबर से कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर परिचालन**

# डेढ़ साल बाद पटरियों पर दौड़ेगी दुर्ग निजामुद्दीन एक्सप्रेस

**कटनी। कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद रेलवे द्वारा पिछले डेढ़ साल से निरस्त ट्रेनों का संचालन शुरू किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलुपर से गंतव्य को जाने वाली कई ट्रेनों का संचालन शुरू हो चुका है, जिससे यात्रियों को आवागमन की सुविधा मिली है। इसी कड़ी में अब दुर्ग से कटनी मुड़वारा स्टेशन होकर हजरत निजामुद्दीन तक जाने वाली दुर्ग निजामुद्दीन एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जा रहा है।**



पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली दुर्ग-निज़ामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक गाड़ी संख्या 08223/08224 सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन जबलपुर मंडल के कटनी मुड़वारा, दमोह एवं सागर स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 08223 दुर्ग से निजामुद्दीन द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आगामी 28 सितंबर से प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार एवं वापसी में गाड़ी संख्या 08224 निजामुद्दीन से दुर्ग द्वि-साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन आगामी 29 सितंबर से प्रत्येक बुधवार एवं शनिवार को आगामी सूचना तक चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में 14 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 1 रसोई यान एवं 2 जनरेटर कार सहित कुल 17 कोच रहेंगे। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों पर ठहराव निर्धारित किया गया है। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में रायपुर, भाटापारा, उसलापुर, पेण्ड्रा रोड, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, झांसी, ग्वालियर, आगरा केंट एवं मथुरा स्टेशनों पर रुकेगी। यह गाड़ी पूर्णतः आरक्षित है। इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेल प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए मास्क का उपयोग करें।

### दुर्ग हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस की समय सारिणी

| गाड़ी संख्या 08223 | | | गाड़ी संख्या 08223 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ------ | 11:10 | दुर्ग | 09:05 | ----- |
| 11:45 | 11:50 | रायपुर | 08:00 | 08:05 |
| 12:38 | 12:40 | भाटापारा | 07:01 | 07:03 |
| 13:50 | 14:00 | उसलापुर | 06:05 | 06:15 |
| 15:27 | 15:29 | पेंड्रा रोड | 03:45 | 03:47 |
| 16:15 | 16:17 | अनूपपुर | 03:05 | 03:07 |
| 16:56 | 16:58 | शहडोल | 02:15 | 02:17 |
| 16:53 | 16:55 | उमरिया | 01:01 | 01:03 |
| 19:30 | 19:40 | कटनी मुड़वारा | 23:30 | 23:40 |
| 21:23 | 21:25 | दमोह | 21:38 | 21:40 |
| 22:23 | 22:25 | सागर | 20:33 | 20:35 |
| 01:30 | 01:35 | झांसी | 17:20 | 17:28 |
| 02:34 | 02:36 | ग्वालियर | 15:50 | 15:52 |
| 04:10 | 04:12 | आगरा केंट | 13:55 | 14:00 |
| 04:51 | 04:53 | मथुरा | 13:08 | 13:10 |
| 06:55 | ----- | हजरत निजामुद्दीन | ------ | 11:25 |

# अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन अमले पर पथराव, बीट गार्ड व चालक घायल

### वन विकास निगम कुंडम परियोजना अंतर्गत कारोपानी परिक्षेत्र के छाहर गांव का मामला, ढीमरखेड़ा थाना में उपद्रव करने वालो की दर्ज हुई एफआईआर





**कटनी/उमरियापान।** वन विकास निगम कुंडम परियोजना (जबलपुर) के कारोपानी परिक्षेत्र के छाहर गांव में वन विभाग की सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने पहुंचे वन कर्मियों पर अतिक्रमणकारियों के द्वारा पथराव और झुमाझपटी करने का मामला सामने आया है।

पथराव के दौरान एक बीटगार्ड शिवम चक्रवर्ती और चालक कंधीलाल पाल को चोटें आई हैं। मंगलवार देरात को वन विकास निगम के अधिकारियों ने ढीमरखेड़ा थाना पहुंचकर पथराव करने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने वाले 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

वन विकास निगम कुंडम परियोजना प्रभारी एसडीओ त्रिवेणी बड़कडे ने बताया कि परियोजना परिक्षेत्र कारोपानी अंतर्गत उमरपानी के छाहर गांव में सामान्य वन क्षेत्र (रिर्जव फॉरेस्ट) की करीब सैकड़ों हेक्टेयर पर बाहर के करीब आधा सैकड़ा लोगों के द्वारा पेड़ पौधों को काटकर अनाधिकृत रूप में कब्जा कर सरकारी जमीन पर खेती की जा रही हैं। ग्रामीणों के द्वारा वन क्षेत्र की सरकारी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी दर्ज कराई गई है। मंगलवार को ढीमरखेड़ा राजस्व और ढीमरखेड़ा, उमरियापान, स्लीमनाबाद पुलिस बल के साथ वन विकास निगम की टीम छाहर गांव अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुचीं। जैसे ही अतिक्रमण हटाने के जेसीबी मशीन चली अतिक्रमणकारी ग्रामीण महिलाओं के साथ एकत्रित होकर संयुक्त अमले द्वारा की जा रही कार्रवाई का विरोध करना शुरू कर दिया। लाठी डंडे लेकर पहुंचे लोगों ने संयुक्त अमले पर झुमाझपटी शुरू कर दी।

इस बीच कुछ अतिक्रमणकारियों ने संयुक्त अमले पर पथराव शुरू कर दिया। जिससे कि जेसीबी वाहन के कांच फूट गए। जेसीबी चालक सहित एक वन कर्मी को चोटें भी पहुचीं है। तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे और वन विकास निगम संभागीय प्रबंधक सीमा द्विवेदी, प्रभारी रेंजर पी वेन्यू गोपाल नायडू, रेंजर पीके सिंह, उमरियापान थाना प्रभारी गणेश प्रसाद विश्वकर्मा, ढीमरखेड़ा निरीक्षक हरदयाल सिंह उद्दे सहित अन्य अधिकारियों ने अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर विवाद को शान्त कराया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वन विकास निगम की टीम ने ढीमरखेड़ा पुलिस थाना पहुंचक कर संयुक्त अमले की कार्रवाई में बाधा उत्पन्न करने उपद्रव करने वालों की एफआईआर दर्ज कराई है।

### जी.आई.एस पद्धति से सम्पत्ति का सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ

**कटनी।** नोडल अधिकारी जी.आई.एस नें जानकारी देते हुए बताया कि नगरपालिक निगम कटनी द्वारा जी.आई.एस पद्धति से सम्पत्ति के सर्वेक्षण कार्य हेतु संविदाकार रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज लिमिटेड आर.ई.पी.एल, ए-6 , सेक्टर -58, नोयडा उत्तर प्रदेश को नियुक्त किया गया है। संविदाकार द्वारा नियुक्त कर्मचारियों के द्वारा नगर में डोर-टू डोर सर्वे का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नागरिकों से संविदाकार द्वारा भवन एवं भूमि के संबंध में चाही गई जानकारी प्रदाय कर संपत्ति के सर्वक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करनें का अनुरोध किया है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संबंधित वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक अथवा कार्यालय नगर पालिक निगम में भी संपर्क किया जा सकता है।


**कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सिविल लाईन गणेश चौक कटनी, जिला कटनी (म.प्र.) 483501**

दूरभाष - 07622-401753 ई-मेल:- dpepiukatni@gmail.com

एन.आई.टी. नं. -22/2021/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीई/ — कटनी दिनांक 10/09/2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| सं. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यपूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड प्राप्त की जावेगी। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1. | 2021_PWPIU_159399 | जिला कटनी में वर्ष 2021-22 के लिये प्रोजेक्ट मेनेजमेंट कटनी कंसल्टेंसी सर्विस का कार्य। | कटनी | 2923.87 | 58470.00 | 10000.00 | म.प्र.के मुख्य वास्तुविद लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 12 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर |
| 2. | 2021_PWPIU_159500 | जिला कटनी के कन्या महाविद्यालय में मल्टीपरपज हॉल का विस्तारीकरण कार्य। | कटनी | 60.68 | 60700.00 | 10000.00 | लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत | 06 माह वर्षाकाल सहित | अतिरिक्त परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग पी.आई.यू. साउथ सिविल लाईन जबलपुर |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 14/09/2021 समय सुबह 09:00 से दिनांक 27/09/2021 तक समय शाम 06:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है। 4. मूल अमानत राशि एवं तकनीकी बिड केवल ऑनलाईन दिनांक 27/09/2021 को सायंकाल 06:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। 5. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगेए पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू. कटनी

जी.-17176/21 — दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी



**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (म.प्र.)**

पत्र क्रमांक 4751 /खनिज/2021 — कटनी, दिनांक 7/09/21

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए,

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/बीना बैनर्जी निवासी शांस्त्री कालोनी बैंकटवार्ड कटनी जिला कटनी (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र दिनांक 28.01.2021 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | रीठी | डांग | 1249 भाग | 3.57 | शासकीय भूमि | फर्शी पत्थर | |
| | | | कुल रकबा | 3.57 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज शाखा)
जिला-कटनी म.प्र

जी-17117/21

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 22 सितम्बर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## सीएम हेल्पलाइन पर की शिकायतों का करें त्वरित निराकरण

### रिव्यू में लापरवाही पाये जाने पर अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, समय सीमा की समीक्षा बैठक आयोजित

कटनी। सीएम हेल्पलाईन में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से निराकरण जिला अधिकारी करें। सभी विभाग प्रमुख अधिकारीवार सीएम हेल्पलाईन का रिव्यू सतत् रुप से करें। यह स्पष्ट निर्देश कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने समय सीमा की बैठक में दिये। बैठक का आयोजन सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। श्री मिश्रा ने सीएम हेल्पलाईन पर आने वाली शिकायतों की विस्तार से समीक्षा टीएल में की। समय सीमा की बैठक में जिला अधिकारियों को सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में अच्छा कार्य करने वाले लोक सेवकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश कार्यालय प्रमुखों को श्री मिश्रा ने दिये। उन्होने कहा कि जिन अधिकारियों का डिस्पोजल रेट उन्हें कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें। विभागीय गतिविधियों की मॉनीटरिंग के लिये भी सभी कार्यालय प्रमुखों को कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया।



शहर में नेकी की दीवार स्थापित करने की दिशा में नगर निगम द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी टीएल मीटिंग में निगम आयुक्त द्वारा दी गई। जिस पर जनसहभागिता से इसे प्रभावी रुप से प्रारंभ कराने की दिशा में कार्य करने की बात कलेक्टर श्री मिश्रा ने कही। ऐसे खाली प्लॉटों जहां पर पानी भरा हुआ है, और मालिकों द्वारा रखरखाव का ध्यान नहीं रखा जा रहा है, जिससे डेंगू के लार्वा पनपने की संभावना अधिक है, उन पर एसडीएम एवं नगर निगम को कार्रवाई करने के निर्देश भी मीटिंग में कलेक्टर ने दिये। किसी भी विभाग या उद्योग को शासकीय प्रक्रिया से किये जाने वाले भूमि आवंटन की प्रक्रिया के लिये सिंगल विण्डो एप्रोच की व्यवस्था तैयार करने के लिये भी संबंधितों को कलेक्टर ने निर्देशित किया। वेक्सीनेशन महा-अभियान का रिव्यू भी टाईम लिमिट की बैठक में किया गया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि 27 सितम्बर तक जिले में फर्स्ट डोज का शत्-प्रतिशत वेक्सीनेशन किया जाना है। सभी एसडीएम अपने-अपने क्षेत्रों में इसकी तैयारी कर लें। अपनी कार्य योजना तैयार करें। डोर-टू-डोज संपर्क कर विशेष अभियान चलाकर वेक्सीनेशन कार्य किया जाये। बैठक में सीएम मॉनिट, लोक सेवा गारंटी के तहत समय बाह्य प्रकरण, सेन्ट्रल पीजी सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा की गई। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

**ऐसे प्लॉट जहां पानी भरा हुआ है, उनके मालिकों पर करें कार्रवाई**



## खाली प्लाट में पानी का भराव हुआ तो प्लाट मालिक पर होगी कार्रवाई

### डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों को लेकर सख्त हुआ नगर निगम प्रशासन

**कटनी।** नगर में डेंगू एवं मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी सहित स्वच्छता निरीक्षकों की बैठक आयोजित कर बीमारियों के खिलाफ वर्तमान में की जा रही कार्यवाही को और गति प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। नगर के समस्त वार्डो के पानी भराव वाले खाली प्लाटों का सर्वे कराते हुए प्लाट मालिकों पर जुर्मानें की कार्यवाही करनें का उल्लेख भी निर्देश में किया गया है। बैठक के दौरान वर्तमान में चलाये जा रहे फागिंग अभियान एवं स्प्रे पंप के माध्यम से कीटनाशक दवा के छिडकाव कार्य में गति प्रदान कर फागिंग मशीनों एवं पंपों की संख्या बढानें, पानी भराव वाले स्थलों में रोजाना जले ऑयल अथवा कीटनाशक का छिडकाव किये जाने तथा जिला मलेरिया विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के संयुक्त सहयोग से लार्वा जांच की कार्यवाही में गति प्रदान किये जानें के निर्देश प्रदान किये गए। निगमायुक्त श्री धाकरे नें कहा कि नगर में लार्वा का विस्तार न हो सके इस हेतु स्टोर में पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवाईयों एवं कैरोसिन ऑयल का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करें, नगर के अंदर डेरी संचालन कर गंदगी फैलानें वालों पर जुमोनें की कार्यवाही करनें तथा निगम अतिक्रमण अमले के कर्मचारियों का सहयोग लेते हुए लार्वा पाये जानें वाले स्थलों अथवा पानी भराव वाले खाली प्लाट के मालिकों पर स्पाट फाईन की कार्यवाही करनें के निर्देश दिये।

## 4 दवा दुकानों के लायसेंस निलंबित

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई

**कटनी।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन कटनी द्वारा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर 4 मेडिकल दुकानों के लाईसेन्स निलंबित किये गये हैं। इनमें ऋषिका मेडिकल झण्डा बाजार कटनी का लाईसेन्स 15 दिवस के लिये, अग्रवाल ड्रग हाउस बरही का लाईसेन्स 12 दिवस के लिये, शुभ मेडिकल स्टोर बरही का लाइसेंस 5 दिवस के लिये और कटनी के शिव शक्ति मेडीकल स्टोर का लाईसेन्स 7 दिवस के लिये निलंबित किया गया है। इस अवधि में दुकान संचालक दवाओं का क्रय-विक्रय नहीं कर सकेंगे। औषधि निरीक्षक स्वप्निल सिंह ने बताया कि संबंधित प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर इन मेडिकल स्टोर्स के लाईसेन्स निलंबित किये गये हैं। इनमें दवाईयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित नहीं होना, वेटेनरी दवाईयों एवं अवसान तिथि बीत चुकी दवाईयों का संधारण नियमानुसार करना नहीं पाया गया। जिसके बाद संबंधित संचालकों को पाई गई अनियमितताओं के आधार पर शोकॉज जारी किये गये थे। संचालकों के द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया, प्रस्तुत जवाब में उक्त संचालकों द्वारा संतोषजनक प्रस्तुत नहीं कर पाने पर लाईसेन्स निलंबन की कार्यवाई खाद्य औषधि प्रशासन द्वारा की गई है।





## मास्क न लगाने पर 19 लोगों से वसूला जुर्माना

**कटनी।** निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में कोरोना महामारी से बचाव हेतु कोविड प्रोटोकाल का उल्लंघन करनें वालों के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत आज नगर के माई नदी के पास अभियान चलाया जाकर 19 लोगों के द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों में घूमते पाये जानें पर 1900 रूपये जुर्मानें की कार्यवाही की गई।

## गणेश विकाखण्ड, दिनेश नगर अध्यक्ष निर्वाचित



**कटनी।** म. प्र. शिक्षक संघ की कार्यकारिणी गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन के क्रम में विगत दिवस स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला खिरहनी, कटनी विकासखण्ड एवं नगर कार्यकारिणी के निर्वाचन हुए जिसमें सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी रामकिशोर शर्मा व अरूण दहायत की देखरेख में हुए चुनाव में विकासखण्ड शाखा में अध्यक्ष गणेश प्रसाद चौरिहा, सचिव शिव गोविंद गौतम, कोषाध्यक्ष डॉ. सुषमा मल्होत्रा, उपाध्यक्ष पूरनलाल सोनी, सहसचिव संजय पटेल तथा कार्यकारिणी सदस्यों में सनित पटेल, रमेश प्रताप सिंह, वंदना त्रिपाठी, श्रीमती अकीला खान निर्विरोध निर्वाचित हुई। इसी प्रकार नगर शाखा में दिनेश कुमार शुक्ला अध्यक्ष, नरेन्द्र यादव सचिव, चंद्रकिशोर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, जी. एल. मकदानी उपाध्यक्ष, अखिलेश कुमार गौतम सहसचिव, लाल बहादुर रजक, मनीष दीक्षित, शकुन्तला गर्ग, पुष्पलता गौतम, कार्यकारिणी सदस्य घोषित किए गए। म. प्र. शिक्षक संघ में निवर्तमान तहसील, विकासखण्ड एवं इकाई सहित जिला इकाई ने निर्वाचन अधिमानकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा व्यक्त की है कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के कारण संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होगी।



## उचित मूल्य दुकान के सेल्समेन पर दर्ज हुई एफआईआर

### 55 लाख से अधिक की राशि गबन करने का आरोप

**कटनी।**

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर उचित मूल्य दुकान हरदहटा के विक्रेता सुनील मिश्रा पिता देवशरण मिश्रा के विरुद्ध बरही थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। संबंधित द्वारा उपभोक्ता सिल्क की राशि 55 लाख 60 हजार नौ सौ इकत्तीस रुपये अपने पास रखकर कर शासन को हानि पहुंचाई गई। जिस पर प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या. खितौली के प्रशासक एस.के. जैन और अरविन्द पाठक नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जबलुपर द्वारा बरही थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। थाना बरही द्वारा प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई है। सहायक आयुक्त सहकारिता अरुण मसराम ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित खितौली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान हरदहटा के विक्रता सुनील मिश्रा ग्राम करेला तहसील बरही द्वारा समिति की उपभोक्ता सिल्क एवं उपार्जन की घटी की राशि 55 लाख 60 हजार रुपये अपने पास रखकर शासन को हानि पहुंचाई गई है। इस संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता कटनी द्वारा कार्यवाही करते हुये प्रकरण की जांच के लिये वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक कपिल देव सिंह और एच.एन. प्रजापति को शामिल कर जांच दल गठित किया गया था। जांच में दोषी पाये जाने पर सुनील मिश्रा के विरुद्ध बरही थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्रवाई की गई है।

## विविध गतिविधियों से जोड़कर लोगों को करेंगे स्वच्छता के प्रति जागरूक

### राम जानकी हनुमान वार्ड में नगर निगम में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम



**कटनी।** नगर के पर्यावरण संरक्षण एवं सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नागरिकों को स्वच्छता गतिविधियों से अवगत कराया जाकर स्वच्छता के प्रति प्रेरित कर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्राप्त करनें के उद्धेश्य से जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में रोजाना स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नोडल अधिकारी सुनील सिंह नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा नियुक्त एजेंसी के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डो में रोजाना जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसके तहत आज प्रातः रामजानकी हनुमान वार्ड स्थित विश्कर्मा मोहल्ला में सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज अभियान के माध्यम से सैप्टिक टेंको एवं सीवर की खतरनाक सफाई के दौरान सफाई कर्मियों पर होनें वाली घटनाओं पर अंकुश लगानें हेतु मशीनों के माध्यम से कराई जानें वाली सफाई के संबंध में अवगत कराते हुए टोल फ्री नंबर 14420 के माध्यम से सेप्टिक टेंकों एवं सीवर की सफाई अधिकृत स्वच्छता मित्रों से ही करानें की अपील की गई। निगम प्रशासन द्वारा निगयुक्त एजेंसी के माध्यम से रोजाना अभियान के माध्यम से नागरिकों को गीले एवं सूखे कचरे के संबंध में जानकारी प्रदान की जाकर गीले कचरे से घर पर ही जैविक खाद बनानें की विधि, सिंगल यूज प्लास्टिक से होनें वाले नुकसानों से अवगत कराकर कपडे के थैलों का उपयोग करनें, डेंगू मलेरिया आदि से बचाव हेतु घरों के आसपास पर्याप्त सफाई रखनें, पानी का जमाव न होनें देने, कूलर में पानी का उपयोग न करनें तथा कोरोना महामारी से बचाव हेतु आवश्यक रूप से वेक्सीन के दौनों डोज लगवानें की अपील की गई।

## जिले में अब तक 672.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 19 सितम्बर 2021 तक 672.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गतवर्ष इस अवधि में 780.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। गौरतलब है कि जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1124.4 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 19 सितम्बर 2021 तक जिले के तहसीलवार वर्षा मापी केन्द्र कटनी में 566.8 मिलीमीटर, रीठी में 613.6 मिमी, बड़वारा में 849.0 मिमी, बरही में 791.0 मिमी, विगढ़ में 822.9 मिमी, बहोरीबंद में 578.4 मिमी, स्लीमनाबाद में 469.0 मिमी और वर्षामापी केन्द्र ढीमरखेड़ा 718.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में जिले मे कुल निरंक वर्षा दर्ज हुई है।

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें
फोन :- 230033

**किराये से देना है**
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890
कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# मनरेगा के काम की अब समूह की महिलाएं करेंगी निगरानी

## जिले की 820 महिलाओं का किया गया मेट के लिए चयन, मस्टर संधारण, वर्क की प्रगति रोजाना करेंगी दर्ज



**कटनी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने की दिशा में राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। स्व सहायता समूहों के माध्यम से जहां महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है तो शासन के अन्य कार्यों में भी उनकी सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में अब एक और प्रयास किया जा रहा है। जिले में होने वाले मनरेगा मद के कार्यों की देखरेख और श्रमिकों के मस्टर का संधारण करने का कार्य अब समूह की महिलाएं भी देखेंगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा बकायदा उनको प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिले के कुल मेटों की प्रतिशत संख्या अब राज्य आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों की होगी। महात्मा गांधी नरेगा के कार्यों में अभी तक मस्टर का संधारण, ग्राम पंचायत में चल रहे कामों की प्रगति आदि दर्ज करने का कार्य अधिकांश स्थानों पर पुरूष ही करते थे। राज्य सरकार ने अब इस काम के लिए जिले में स्वीकृत कुल मेट में से 50 प्रतिशत मेट समूह की महिलाओं को बनाने का निर्णय लिया है ताकि महिलाएं सशक्त हो सकें। मेट के कार्य के लिए जिले में आजीविका मिशन द्वारा गठित किए समूहों की 820 सदस्यों का चयन मेट के लिए किया गया है और उनको एक दिवसीय प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपनी-अपनी ग्राम पंचायत में चल रहे मनरेगा के कार्य में मेट के रूप में काम करेंगी और कितने मजदूर काम कर रहे हैं, इसके लिए मस्टर रोल का संधारण करेंगी। मनरेगा के तहत का कर रही एजेंसी और इंजीनियर का रोजाना समय पर कार्य स्थल पर पहुंचना भी मुश्किल होता है, ऐसे में महिलाएं प्रतिदिन इस बात को भी देखेंगी कि स्थल पर कितना कार्य हुआ, जिसकी जानकारी वे एजेंसी या इंजीनियर को देंगी।

### विकासखंडों की पंचायतों के आधार पर किया गया चयन

जिले के छह विकासखंडों की ग्राम पंचायतों की संख्या के आधार पर महिला मेटों का चयन किया गया है। जिसमें बड़वारा विकासखंड की 66 ग्राम पंचायतों के लिए 132, बहोरीबंद की 79 पंचायतों से 156, ढीमरखेड़ा की 73 ग्राम पंचायतों में से 146, कटनी विकासखंड की 59 पंचायतों में से 118, रीठी की 56 ग्राम पंचायतों में 120 और विजयराघवगढ़ की 74 ग्राम पंचायतों में से 148 महिलाओं का चयन मेट के रूप में किया गया है।

### विकासखंडवार किया जा रहा प्रशिक्षित

जिले के छह विकासखंड के लिए सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे ने प्रशिक्षण के लिये तिथिवार कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। जिसके तहत चयनित मेट का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। सोमवार को बड़वारा और बहोरीबंद विकासखण्डों में सोमवार को प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। जिसमें बड़वारा विकासखण्ड अंतर्गत चयनित 132 महिला मेटों और बहोरीबंद विकासखण्ड में 156 चयनित मेटों का प्रशिक्षण दिया गया। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा विकासखण्ड में 21 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और कटनी विकासखण्ड में 21 सितम्बर को कटनी विकासखण्ड में दोपहर 2 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक प्रशिक्षण आयोजित होगा। वहीं 22 सितम्बर को रीठी विकासखण्ड में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और विजयराघवगढ़ विकासखण्ड में दोपहर 2 बजे से 4.30 बजे तक चयनित महिला मेटों को प्रशिक्षित किया जायेगा।

# अग्रहरी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग



अखिल भारतीय अग्रहरि वैश्य समाज के चुनाव

**कटनी।** अखिल भारतीय अग्रहरी वैश्य समाज की बीसवीं केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव फतेहपुर में संपन्न हुए, जहां समाज के संरक्षक पूर्व मंत्री राधेश्याम अग्रहरी, दिनेश अग्रहरी, सोमचंद अग्रहरि संरक्षक की उपस्थिति में चुनाव आयोजित किया गया चुनाव निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में संविधान के नियमानुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री व कोषाध्यक्ष पद हेतु चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से भारत के अनेक प्रांतों से आए केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के पद हेतु मतदान किया गया, जहां मतदाताओं में बहुत ही उत्साह रहा। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष विदुप अग्रहरी को 167, राष्ट्रीय महामंत्री कुल भास्कर अग्रहरी को 199 एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरूद्ध अग्रहरी को 139 मत प्राप्त हुए और तीनों प्रत्याशी विजय घोषित किये गये। इस अवसर पर 19वीं कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश अग्रहरी व महामंत्री कुलभास्कर अग्रहरि द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर उपभोक्ता व खाद्य विभाग की केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, सांसद फतेहपुर, फतेहपुर विधायक विकास अग्रहरी की उपस्थिति में विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा कि व्यापारी ही देश को चला रहा है। उन्होंने कहा कि अग्रहरी समाज से हमारा पुराना रिश्ता है। फतेहपुर सहित भारत के किसी भी अग्रहरी को हमारी जहां आवश्यकता हो, वहां हम मदद हेतु उपलब्ध रहेंगे। आज अग्रहरी समाज के चुनाव संपन्न हुए। विधायक विकास अग्रहरि ने केंद्रीय मंत्री से मांग की अग्रहरी समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल किया जाए व प्रदेश के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस संदर्भ में उन्हें ज्ञापन प्रेषित करेंगे चुनाव में मप्र के महामंत्री अरुण अग्रहरी, कोषाध्यक्ष शिव प्रसाद अग्रहरी, केंद्रीय संगठन मंत्री अशोक अग्रहरी, रामलखन अग्रहरि, ओमप्रकाश अग्रहरि, सत्यनारायण अग्रहरि, राजेश अग्रहरि, विनीत अग्रहरि, पत्रकार अरविंद अग्रहरि सहित प्रदेश के एक दर्जन से अधिक मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग कर समाज में अपनी सहभागिता दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विदुप ने कहा कि समाज के अधूरे पड़े कामों को हम पूरा करेंगे और समाज को तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, वही महामंत्री कुलभास्कर ने कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करेंगे और एक नई ऊर्जा के साथ समाज में हम क्रांति लाने का प्रयास करेंगे नयी केंद्रीय कार्यकारिणी का गठन कर शीघ्र ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।



# कटनी रेड की 54 रनों से शानदार जीत

### एनकेजे ग्राउण्ड में क्रिकेट मैच का आयोजन

**कटनी।** जबलपुर में खेली जाने वाली एक दिवसीय अंतर जिला सीनियर वाइट बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिला क्रिकेट संघ की सीनियर टीम का चयन मैच एनकेजे ग्राउंड में आयोजित किया गया। इस मैच के शुरू होने से पूर्व वरिष्ठ हाकी खिलाड़ी स्व. राकेश चतुर्वेदी की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर खिलाड़ियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की की गई। विदित हो कि जिला क्रिकेट संघ कटनी की टीम के चयन के लिए लगभग 55 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। पिछले 6 दिनो से चयन शिविर के बाद 27 खिलाड़ी को छांटा गया, जिनके मध्य 2 टीम बनाकर मैच खेले जा रहे हैं। आज हुए मैच में कटनी रेड ने कटनी ब्लेक को 54 रनों से हराया। पहले खेलते हुए हुए कटनी रेड ने 177 रन बनाए। जिमसे आयुष शर्मा ने 42, आशु शुक्ला ने 19, आकाश त्रिपाठी ने 25 रन बनाए। प्रहलाद ने दो एवं ऋषभ ने दो विकेट लिए। जवाब में कटनी ब्लैक की पारी 122 रन बनाकर समाप्त हुई। हर्ष मंगलानी ने 43 रन बनाए। आयुष शर्मा ने चार विकेट लिए। उक्त आशय की जानकारी राजेश डेविड, सचिव जिला क्रिकेट संघ ने दी।



# मास्टर्स एथलेटिक्स संघ करेगा प्रतियोगिताओं का आयोजन

### संघ की प्रथम बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय


**कटनी।** मप्र राज्य एथलेटिक्स संघ द्वारा मान्यता प्राप्त जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ की प्रथम बैठक आईसीएच बरगवां में गत दिवस संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम नवगठित जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव आलोक जोसफ और कोषाध्यक्ष के एल कनकने ने संघ के उद्देश्य और नियमावली की जानकारी से संघ के सदस्यों को अवगत कराया। इसके बाद सभी सदस्यों ने अपना परिचय प्रदान किया। बैठक की शुरुआत में दिवंगत जिले की खेल विभूतियों हॉकी कटनी के अध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी, वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी सुबीर चतुर्वेदी तथा शैलेश चंदेल के प्रति सभी ने अपनी शोक संवेदना व्यक्त कर उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनिट का मौन रख उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के द्वितीय चरण में संघ की आगामी रणनीति एवं खेल कैलेंडर निर्धारण को लेकर चर्चा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रत्येक माह एक खेल आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसकी शुरुआत आगामी नवंबर माह में 100 मीटर दौड़ स्पर्धा के आयोजन के साथ की जाएगी। यह प्रतियोगिता 35 से 90 आयु वर्ग के पुरुष व महिला प्रतिभागियों के लिए अलग-अलग आयु वर्ग के तहत आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी किए जाने का निर्णय लिया गया। संघ का प्रयास रहेगा कि बढ़ती उम्र के साथ खेल विधा से जुड़े लोगों सहित अन्य सभी स्वस्थ और चुस्त रहें। बैठक में संघ के सदस्य फारुख अंसारी, देवी सिंह, विभाष पाटिल, प्रशांत पचौरी, अशोक राव, डिंपल रजक, जगत सिंह विष्ट, पी एस बैरागी, सुनील रजक, ब्रजमोहन प्यासी एवं आदेश खरया की मौजूदगी रही। संघ की सदस्यता एवं प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी के लिए संघ के जिलाध्यक्ष राजेश मनोध्या, सचिव आलोक जोसफ, कोषाध्यक्ष के एल कनकने तथा मीडिया प्रभारी आदेश खरया से संपर्क कर सकते है।

# पंच जा से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार पंच जा अभियान के अंतर्गत प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रदान करने के उद्देश्य से न्याय निकुंज कटनी में स्थित आवास में स्थापित भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का अनंत चतुर्दशी के दिन पात्र में विसर्जन किया गया। उक्त आयोजन के संबंध में दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश/ सचिव ने जानकारी दी की प्रकृति को किसी भी प्रकार की क्षति न हो, जल प्रदूषित न हो एवं पर्यावरण का संतुलन बना रहे इसको दृष्टिगत रख बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए घर पर ही एक पात्र में पानी भरकर उसमें श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस प्रकार से श्री गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन करने से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में एक संदेश तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा चलाए जा रहे पंच जा अभियान की सकारात्मक पहल है।

# विशेषज्ञों ने बताए घुटने की समस्या से बचन के उपाय



### गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में आंतारिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ आईक्यूएसी द्वारा विश्व बैंक की आकादमिक उत्कृष्टता गतिविधियों के अंतर्गत खेल विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन डॉ आर के गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। वर्तमान में घुटने की समस्या से कैसे बचा जाए, इस विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता डॉ भास्कर शुक्ला, सह प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा प्रयागराज उत्तरप्रदेश से थे। उनके द्वारा वर्तमान समय में घुटने मे होने वाली समस्या को अच्छी तरह से अपना दृष्टिकोण रखा तथा में होने वाली समस्याओं से बचने के लिए भी सुझाव दिये गये। इस राष्ट्रीय वेबिनार में छात्र-छात्राओं अधिक से अधिक संख्या में अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कन्वेनर क्रीड़ा अधिकारी नागेन्द्र यादव, डॉ साधना जैन, डॉ रश्मि चतुर्वेदी, डॉ विमला मिंज, डॉ वीणा सिंह, अमिताभ पाण्डेय, श्रीमती वंदना मिश्रा, के जे सिन्हा, श्रीमती सुनीता श्रीवास्तव, श्रीमती नेहा चौधरी, श्रीमती पुष्पा कुशरे, विनेश यादव, तकनीकी समिति में भीम बर्मन, श्रीमती नम्रता निगम, सुश्री प्रीति तिवारी, श्रीमती रत्नेश कुशवाहा, श्रीमती पूनम गर्ग, श्रीमती श्रद्धा वर्मा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# शासन-प्रशासन से जुड़ी सही जानकारी सोशल मीडिया तक पहुचाएं

### सरकारी योजनाओं का क्रियांवयन, जिले की रोचक और जिले से जुड़ी जानकारी से बढ़ेगा ज्ञान

**कटनी।** जिले के नागरिकों तक शासन व प्रशासन से जुड़ी सही और तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाने जिला जनसम्पर्क कार्यालय द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउन्ट्स चलाये जा रहे हैं। जिनके माध्यम से कोई भी नागरिकों अपडेट जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपने अब तक इन अकाउन्ट्स से नहीं जुड़े हैं, तो आज ही लाईक और फॉलो करें और पायें शासन-प्रशासन से जुड़ी हर गतिविधि, योजनाओं की जानकारी। वर्तमान समय में सोशल मीडिया सभी की जरूरत है। यदि आप सोशल मीडिया नेटवर्क का उचित पयोग करते हैं, तो न सिर्फ आपके ज्ञान की वृद्धि होगी बल्कि कैरियर संवारने में भी युवा उसका उपयोग कर सकेंगे। जिला प्रशासन और जिला जनसंपर्क कार्यालय कटनी के माध्यम से रोजाना जारी होने वाली सूचनाएं, जिले के इतिहास व अन्य रोचक ज्ञानवर्द्धक जानकारी भी सोशल मीडिया पर उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन व जिला जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़कर न सिर्फ आपको शासन की योजनाओं की जिले में क्रियांवयन संबंधी जानकारी मिलेगी बल्कि जिले की रोचक व जिले से जुड़ी जानकारी भी आपको अपने मोबाइल पर ही मिल पाएंगी। प्रतियोगी परीक्षा व कैरियर के लिए जिले से जुड़ी जानकारी सबसे महत्वपूर्ण होती है और उसके लिए आप नीचे दी गई लिंक के माध्यम से जिला प्रशासन व जिला जनसंपर्क विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़ पाएंगे।



# बालिका गृह के बच्चों को कराया भोजन, भेंट की सामग्री

### इंटरनेशन पीस डे पर यूथ हॉस्टल का आयोजन

**कटनी।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफइंडिया द्वारा पूरे देश में इंटरनेशनल पीस डे के अवसर पर अपनी राज्य शाखा एवं इकाईयों के माध्यम से आयोजित ''स्लीप फॉर पीस'' कार्यक्रम के अंतर्गत 21 सितम्बर को अपने जिले के बाल आश्रय गृहों में रह रहे बच्चों को भरपेट भोजन कराने एवं उन्हें उनके उपयोग की सामग्री भी भेंट करने का निर्देश दिया गया था। इसी तारतम्य में यूथ हॉस्टल्स की जिला इकाई कटनी के सदस्य ईकाई अध्यक्ष पंचम जैन एवं चेयरमैन गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में हिरवारा ग्राम स्थित लिटिल स्टार फाउण्डेशन के बालिका गृह में पहुंचे एवं वहां रह रही समस्त 30 बालिकाओं को भोजन कराकर उन्हें 30 लोअर (स्पोर्ट्स पेंट), चॉकलेट, बिस्किट एवं बालिकाओं के लिए उपयोगी विभिन्न सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। यूथ हॉस्टल्स के दल का बच्चों द्वारा शानदार वैलकम किया गया गया, सर्वप्रथम भगवान गणपति की आरती से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। लिटिल स्टार फाउण्डेशन के अध्यक्ष अमित सिंघई द्वारा बालिका गृह की पूरी कार्यविधि की जानकारी दी गई। तत्पश्चात् यूथ हॉस्टल्स से पंचम जैन एवं गोपाल शर्मा द्वारा सभी बच्चों को कार्यक्रम का औचित्य बताते हुए उन्हें शुभाशीष दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बालिका गृह के संचालक डॉ. समीर चौधरी एवं डॉ. स्नेहा चौधरी को बालिका गृह के शानदार संचालन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर इकाई सचिव वीरेन्द्र सिंह, सतीश बजाज, रानू जैन, नवीन मिश्रल, शैलेन्द्र जैन, राहुल सिंघई, मनीष जैन, निखिल अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती श्वेता सिंघई, श्रीमती नूतन जैन, श्रीमती अनिता सिंह, रूपेश जैन, श्रीमती सोनाली शर्मा ने संपूर्ण कार्यक्रम में सराहनीय सहयोग किया। इस अवसर पर बालिका गृह के बच्चों ने भी ट्रेकिंग के अनुभव बताए।

# स्मृति वाटिका बिजौरी में रोपे 71 पौधे

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर मानव जीवन विकास समिति का आयोजन





**कटनी।** मानव जीवन विकास समिति व ग्राम पंचायत के संयुक्त सौजन्य से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर बिजौरी के स्मृति वाटिका मे 220 सागौन के पौधे और मानव जीवन विकास समिति मे 71 फलदार पौधे विभिन्न प्रजाति के रोपे गये। आयोजित कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 71वे जन्मदिवस पर 17 सितम्बर को बैनर तले सभी सम्मानीय चहेता कार्यकर्ताओं की उपस्थिति मे सम्पन्न कराया गया। आयोजित कार्यक्रम मे जनपद पंचायत से डीएस बघेल, पूर्व विधायक कुंवर ध्रुवप्रताप सिंह, कार्तिकेय, जिला पंचायत सदस्य धीरेन्द्र बहादुर सिंह, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष महेन्द्र जायसवाल, मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह, पठरा सरपंच पति सुरेश विष्वकर्मा, शिक्षक मनरमन पाण्डेय, शिक्षक अरविंद दुबे, रोजगार सहायक सुशील कुशवाहा, रामकिशोर चौधरी, अभय कुमार पटेल, चंद्रपाल कुषवाहा, दयाषंकर यादव, तम्मा पाल, मनीष पाल, भाजपा कार्यकर्ता मण्डल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, पद्यमेष गौतम, राजेष सिंह, प्रिंस गुप्ता, छोटू सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति सराहनीय रही है। उपस्थित जनो ने श्रमदान कर श्री मोदी के जन्मदिवस को यादगार बनाने, मोदी की उम्र दीर्घायु होने ईष्वर से कामना की है सभी ने अपना अमूल्य समय देकर वृक्षारोपण किया है और पौधों को संरक्षित करने संकल्प लिया है। कार्यकर्ताओं के उद्बोधन मे निकलकर आया की वृक्षारोपण अत्यंत जरूरी है सभी को अपने घर के आसपास और खेत मे वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि मनुष्य को जीवन दायिनी आक्सीजन वायु की कमी नही हो गम्भीर से गम्भीर बीमारी से लड़ने की शक्ति आये। सभी मिलकर उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को मनाये। इसी कार्यक्रम के साथ संस्था मानव जीवन विकास समिति ने कोरोना महामारी से बचने लोगों को जागरूक किया और बीमारी से बचने सुरक्षात्मक मेडिसिन किट और पोषण आहार किट का वितरण भी किया है।

# मौसमी बीमारियों के मरीजों से ओपीडी फुल

## रोज लग रही मरीजों की लंबी कतारें,कोरोना के बाद दूसरी बीमारियों ने पैर पसारे





### वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया और उल्टी-दस्त के मरीजों से पैर रखने की जगह नहीं, इसके बावजूद व्यवस्थाएं नाकाफी

**कटनी।** शहर में मौसमी परिवर्तन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिसका परिणाम है कि मौसमी बीमारियों से अस्पताल की ओपीडी फुल चल रही है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की लंबी कतार देखने को मिल रही हैं। वहीं मरीज संख्या के हिसाब से जिला अस्पताल की व्यवस्थाएं नाकाफी लग रही हैं। खासकर ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों को पर्ची बनवाने में खासा मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात ये है कि कई मरीज पर्ची न बन पाने तथा ओपीडी का समय समाप्त हो जाने की वजह से बिना उपचार कराए ही वापस लौट रहे हैं। चिकित्सकों ने बताया कि वायरल फीवर और डेंगू, मलेरिया, उल्टी-दस्त, सर्दी, जुकाम के सबसे अधिक मरीज सामने आ रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से ऐसे मामले बढ़े हैं। शहर में मौसमी बीमारियों के मरीजों के चलते सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ अचानक बढ़ गई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन ओपीडी में मरीजों की लंबी कतार देखी जा रही है। चिकित्सकों ने बताया कि ओपीडी में सर्दी, खांसी, हाइग्रेड फीवर, सिरदर्द, शरीर दर्द आदि लक्षण वाले मरीज भी अधिक आ रहे हैं। मेडिसिन के अलावा पिड्याट्रिक ओपीडी में भी आने वाले बीमार बच्चों की संख्या बढ़ी है। अभी सवा सौ से डेढ़ सौ मरीज ओपीडी में इलाज के लिए आते हैं। इसमें सबसे ज्यादा वायरल इंफेक्शन के मरीज होते हैं। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा रोजाना मच्छरों के लार्वा तलाशने की कार्रवाई हो रही है लेकिन मौसमी बीमारी काबू में नहीं आ रही है।

#### पर्ची बनवाने के लिए होती है जद्दोजहद

एक जानकारी में बताया जाता है कि जिला चिकित्सालय में कम्प्यूटर से पर्ची बनाने का काम निजी हाथों में हैं तथा पिछले कई सालों से बिना निविदा आमंत्रित किए एक ही ठेकेदार को काम देने की वजह से यह व्यवस्था निरंकुश होती जा रही है। मरीजों की संख्या बढ़ने के बावजूद जिला अस्पताल प्रशासन द्वारा ठेकेदार पर काउंटर संख्या बढ़ाने का दबाव नहीं बनाया जा रहा है। जिसकी वजह से जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को सबसे ज्यादा जद्दोजहद पर्ची बनवाने के लिए करनी पड़ रही है।

#### कतार में लगे-लगे ही हो जाता है समय

जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों की परेशानी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि ओपीडी में पर्ची बनवाने कतार में खड़े कई मरीज ऐसे भी रहते हैं कि जब तक उनकी पर्ची बनने का नंबर आता है तब तक ओपीडी का समय समाप्त हो जाता है और वो बिना उपचार किए ही वापस घर लौट जाते हैं या फिर निजी चिकित्सकों व निजी अस्पतालों में जाकर वहां मोटी फीस देकर उपचार कराते हैं।

#### नहीं उठा सिविज सर्जन का फोन

जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या के हिसाब से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी लेने सिविल सर्जन डॉ.यशवंत वर्मा से भी संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनका फोन नहीं उठा।

# नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिग को अगवा कर उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्लीमनाबाद थाना प्रभारी संजय दुबे के मुताबिक एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम केवलारी निवासी 23 वर्षीय संजय पिता नरेश पटेल ने बीती 11 सितंबर को स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र से एक 17 वर्षीय नाबालिग का अपहरण कर लिया था। पिता की सूचना पर पुलिस ने पहले अज्ञात के विरूद्ध अपहरण का माला दर्ज किया तथा पुलिस अधीक्षक सुनील जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा स्लीमनाबाद एसडीओपी मोनिका तिवारी के मार्गदर्शन में अपहृत नाबालिग को सुरक्षित दस्तयाब किया। जिसके बाद नाबालिग ने अपने साथ दुराचार होने की भी बात बताई। पुलिस ने प्रकरण में बलात्कार की धाराएं बढ़ाई और दबिश देकर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया।

# चंद घंटों में मिल गया लापता बालक

**कटनी।** एनकेजे थाना अंतर्गत ग्राम जुहली से लापता एक 13 वर्षीय बालक को पुलिस ने चंद घंटों में सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपा है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जुहली निवासी रेखा बाई बर्मन के द्वारा अपने 13 वर्षीय पुत्र कन्हैया बर्मन के गुम होने की सूचना पुलिस को दी गई थी। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और पुलिस अधीक्षक सुनील जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में पतासाजी करते हुए चंद घंटों में गुमशुदा कन्हैया बर्मन को दस्तयाब कर सकुशल उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। मामले में एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, सहायक उपनिरीक्षक सहपाल, आरक्षक दीपक तिवारी व चंद्रेश सिंह की भूमिका रही।



# ठगी के आरोपी की जमानत खारिज

#### रंगनाथनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कटनी।** फर्जी कंपनियां बनाकर लोगों से करोड़ो रूपए की ठगी करने वाले थाना रंगनाथ नगर के आरोपी शरद मिश्रा की जमानत याचिका जेएमएफसी कोर्ट ने निरस्त कर दी। जमानत याचिका खारिज होने के बाद पुलिस ने शरद मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी शरद ने अपने साथियो मिहिर शाह तथा अमर शर्मा के साथ मिलकर कई फर्जी कंपनियां बनाकर कई प्रदेशों के बड़े शहरो की नामी होटलो मे जाकर अपनी कंपनी मे कई गुना रिटर्न का लालच देकर भोले-भाले लोगो से ठगी करता था। पोल खुल जाने पर स्वयं के हस्ताक्षरित चेक बांट देता था जो बाद मे बाउंस हो जाते थे। मामले का अन्य प्रमुख आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस सरगर्मी से अन्य आरोपी की तलाश मे लगी है।

# चलती ट्रेन में चढ़ते फिसला यात्री का पैर

### ट्रेन के नीचे आकर कटा पैर, मदद के लिए घंटों तड़पता रहा

**कटनी।** बीना-कटनी रेलखंड के रीठी रेलवे स्टेशन में उस समय हड़कंप मच गया जब एक यात्री ट्रेन में चढ़ते समय पैर स्लिप होने के कारण ट्रेन के पहिये के पास पहुंच गया। हादसे में यात्री का एक पैर कट गया। हद तो तब हो गई जब हादसे मे तड़पते घायल यात्री को रीठी स्टेशन प्रबंधन द्वारा किसी भी तरह की मदद नहीं की गई बल्कि ट्रेन पर तड़पती हालत में यात्री को गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार सुबह करीब साढ़े दस बजे बीना-कटनी मेमो ट्रेन रीठी रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी। उसी दौरान ट्रेन से यात्रा कर रहा एक शख्स किसी काम से प्लेटफॉर्म पर उतर गया और ट्रेन का सिग्नल हुआ तो वह पुन ट्रेन में चढ़ने लगा। उसी दौरान पैर स्लिप होने के कारण उक्त शख्स चलती ट्रेन के नीचे आ गया और एक पैर कट गया। मौके पर ट्रेन को रूकवाकर घायल को बाहर निकाला गया। देखा गया कि घायल की मदद के लिए न तो रीठी का रेल प्रबंधन और न ही कोई और मददगार आगे आया। हादसे के बाद घायल यात्री की हालत बिगड़ गई और घायल रीठी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही तड़पता रहा। घटना के बहुत देर तक रेल प्रबंधन ने पीड़ित की कोई सुध नही ली।

## नकली घी कंपनी में पुलिस की रेड



रंगनाथनगर थाना पुलिस ने वंशस्वरूप वार्ड स्थित एक मकान में नकली शुद्ध घी बनाने का कारखाना पकड़ा है। यहां पुलिस व खाद्य सुरक्षा की टीम ने छापा मारकर संयुक्त रूप से कार्रवाई की है। मकान राम नारायण सोनी नामक व्यक्ति का बताया जाता है। यहां कई सालों से नकली शुद्ध घी बनाने का काम करता था। मौके पर 7 से 8 किलो नकली घी सहित तेल व अन्य सामग्री जप्त की गई है।

# वेक्सीन आने में देरी, सेंटर में लटका ताला





**कटनी।** वेक्सीनेशन को लेकर आज स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई। शहर के 18 केन्द्रों में आज वेक्सीनेशन सत्र आयोजित किया गया था, लेकिन दोपहर तक टीकाकरण शुरू नहीं हो सका था। पुरानी कचहरी स्थित वेक्सीनेशन सेंटर में दोपहर एक बजे तक ताला लटका रहा, जबकि यहां सुबह 10 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग टीका लगवााने के लिए पहुंच गए थे। जिसमे बुजुर्ग और महिलाएं भी शामिल थीं लेकिन वेक्सीनेशन शुरू नहीं होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा वेक्सीनेशन में देरी के संबंध में भी जानकारी नहीं दी गई। जिससे लोगों में रोष देखा गया। यशभारत ने जब सीएमएचओ डॉ. पी के मुढ़िया से बात की तो उन्होंने बताया कि आज जबलपुर से वैक्सीन आने में देरी हो गई, जिसकी वजह से दोपहर 2 बजे के बाद वेक्सीनेशन शुरू होगा। गौरतलब है कि जिले में कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए सतत रुप से वेक्सीनेशन कैम्प आयोजित किये जा रहे है। इन कैम्पों के माध्यम से नागरिकों को निःशुल्क कोविड-19 की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में आज 22 सितम्बर बुधवार को भी वेक्सीनेशन जिले के शहरी क्षेत्र में 18 टीकाकरण केन्द्र निर्धारित किये गये थे।

#### परेशान होते रहे टीका लगवाने आए लोग

इन सभी केन्द्रों में ऑनस्पॉट रजिस्ट्रेशन के माध्यम से नागरिक अपना वेक्सीनेशन करा सकते थे। पुरानी कचहरी स्थित टीकाकरण केन्द्र पर कोवैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण होना था। शेष 17 टीकाकरण केन्द्रों में कोवीशील्ड वैक्सीन के पहले और दूसरे डोज के लिये टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाने थे। इन केन्द्रों में पुरानी कचहरी परिसर, ऑर्डिनेन्स हॉस्पिटल, एसीसी हॉस्पिटल, रेल्वे हॉस्पिटल, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 8 इन्द्रानगर बाल गंगाधर तिलक वॉर्ड, सेवा भारती अक्षर नंदन स्कूल, झूलेलाल मंदिर माधवनगर, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 11 पहरुआ लाल बहादुर शास्त्री वॉर्ड, प्राथमिक शाला पुरैनी बिरसा मुण्डा वार्ड, प्रजापति धर्मशाला राममनोहर लोहिया वार्ड, ज्ञान भारत विद्या मंदिर रामनिवास सिंह वॉर्ड, आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 रामजानकी वार्ड, आसमानी माता मंदिर पानी की टंकी के पास जगजीवन राम वार्ड, प्रथमिक शाला बंधवा टोला चौबे वॉर्ड, बैंड हॉल ईश्वरीपुरा वॉर्ड शामिल था।

# गाज गिरने से दो की मौत,बहोरीबंद में घटनाएं

कटनी। बहोरीबंद थाना अंतर्गत मंगलवार की शाम बादलों की तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से युवक व प्रौढ़ की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना बहोरीबंद थाना अंतर्गत ग्राम किरहाई पिपरिया में घटित हुई। जहां ग्राम निवासी 55 वर्षीय बालकुमार काछी खेत में काम करते समय गाज की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना बहोरीबंद में ही रामतलैया आईटीआई के पास घटित हुई। यहां 18 वर्षीय सोनू पिता रामकिशोर वंशकार की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है।





यशभारत हैल्पलाइन - अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009

सिटी मॉल बरही रोड में




शानदार तीसरा सप्ताह

रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से


कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

थलाइवी

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 24 से दोपहर 3, 5 एवं 7 बजे से

कलाकार- ड्वेन जॉन्सन, जेक व्हाइटहॉल, एमिली ब्लंट, एडगर रेमिरेज आदि।

JUNGLE CRUISE

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

सिटी मॉल बरही रोड में




हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 1 शो ता. 24 से दोपहर 12.30 बजे से

कलाकार- सीमू ल्यू, एक्वाफीना, टोनी लेंग, फला चेन आदि।

SHANG-CHI

(हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)